राज्य में 33 नए पर्यटन स्थलों पर बनेंगे हेलीपैड और हेलीपोर्ट

चर्चा में क्यों?

29 अगस्त, 2022 को उत्तराखंड के मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये 33 पर्यटक स्थलों पर हेलीपैड और हेलीपोर्ट बनाए जाने के निर्देश दिये।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में चारधाम के अलावा प्रदेश की खूबसूरती और आबोहवा से पर्यटन क्षेत्र में काफी संभावनाएँ हैं। उन्होंने पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में अधिक-से-अधिक हेलीपोर्ट्स और हेलीपैड्स बनाए जाने के निर्देश दिये।
- उन्होंने कहा कि राज्य में जॉय राइड्स की काफी संभावनाएँ हैं। इसके साथ ही हिमालय दर्शन जैसी योजनाओं को अधिक-से-अधिक स्थानों से संचालित किया जाए।
- मुख्य सचिव ने कहा कि हेलीपोर्ट और हेलीपैड का मास्टर प्लान बनाते समय भविष्य की संभावनाओं और आवश्यकताओं को देखते हुए योजना बनाई जाए। इन हेलीपोर्ट और हेलीपैड्स का ट्रैफिक प्लान अगले 20, 25, 50 साल के ट्रैफिक को ध्यान में रखते हुए बनाया जाए।
- उन्होंने कहा कि रामनगर में हेलीपैड और हेलीपोर्ट की अधिक संभावनाएँ हैं। उन्होंने डीएम नैनीताल को इस पर प्राथमिकता से काम करने के निर्देश दिये। उन्होंने मसूरी, नैनीताल और हरिद्वार जैसे पर्यटन स्थलों में दो या उससे अधिक हेलीपोर्ट या हेलीपैड बनाने के निर्देश दिये।
- बैठक में बताया गया कि प्रदेश में कुल 83 हेलीपैड हैं, जिनमें 51 सरकारी और 32 प्राइवेट हैं। 22 हेलीपैड पर काम चल रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/helipad-and-heliport-will-be-built-at-33-new-tourist-places-in-the-state